दिन– बुधवार

दिनांक– 15 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि 15 मिनट

---

01. सम्राट चौधरी बिहार के नये मुख्यमंत्री बने। श्री चौधरी राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले भाजपा के पहले नेता हैं। जदयू के विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव उपमुख्यमंत्री बनाए गये।

02 नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ बंटवारा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास सामान्य प्रशासन और गृह समेत उनतीस विभाग।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत एनडीए के घटक दलों के नेताओं ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई दी।

04. और, संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र कल से। विधायिका में महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक कराया जाएगा पारित।

---

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने आज बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने पटना के बिहार लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

–साउंड बाइट–

श्री चौधरी राज्य के चौबीसवें मुख्यमंत्री हैं। साथ ही वे बिहार के मुख्यमंत्री बनने वाले भाजपा के पहले नेता भी हैं। इस अवसर पर, जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और सराय रंजन से विधायक विजय कुमार चौधरी तथा सुपौल से विधायक बिजेंद्र प्रसाद यादव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इन दोनों को उपमुख्यमंत्री का दर्जा दिया गया है।

–साउंड बाइट–

सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रियों की घोषणा बाद में की जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, राजभूषण चौधरी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा समेत एनडीए के विभिन्न घटक दलों के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

---

शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सचिवालय पहुंचकर अपना काम–काज संभाल लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी की। बैठक में उन्होंने विकास कार्यों को तेज गति से निपटाने, लंबित मामलों के जल्द समाधान और जनता की समस्याओं के तत्काल समाधान पर जोर दिया। श्री चौधरी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रखने और बिहार को विकसित राज्य बनाने की बात कही। बाद में श्री चौधरी भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और बिहार की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में विकास का मोदी और नीतीश मॉडल लागू होगा।

–साउंड बाइट–

---

इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की नीतियों के अनुसार ही काम होगा।

–साउंड बाइट–

वहीं, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल मिलकर बिहार के विकास के लिए काम करेंगे।

–साउंड बाइट–

---

प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना के अनुसार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सामान्य प्रशासन, गृह, निगरानी और मंत्रिमंडल सचिवालय समेत उनतीस विभागों की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को संसदीय कार्य, जल संसाधन और सूचना एवं जनसंपर्क समेत दस विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्त, ऊर्जा और मद्य निषेध समेत आठ विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकानाएं दीं है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सम्राट चौधरी का जमीनी अनुभव राज्य के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। प्रधानमंत्री ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव को बधाई देते हुए कहा कि इनकी जनहित को लेकर प्रतिबद्धता राज्य के विकास को नई दिशा और गति देगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्राट चौधरी को बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में सफल कार्यकाल की शुभकानाएं दी है। पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने आशा जताई कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार और तेजी से विकास करेगा तथा देश के सबसे अधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

---

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी तथा बिजेन्द्र प्रसाद यादव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की नई सरकार विकसित भारत–विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में समर्पित भाव से काम करेगी। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार नई उंचाईयों को छुएगा।

–साउंड बाइट–

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि उनसे नीतीश कुमार के बचे कामों को पूरा करने की अपेक्षा है।

–साउंड बाइट–

राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी आम लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए दोगुनी गति से काम करेंगे।

–साउंड बाइट–

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकसित बिहार का सपना पूरा होगा।

–साउंड बाइट–

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पिता शकुनी चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया है।

–साउंड बाइट–

---

इधर, राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि नये मुख्यमंत्री बिहार की उन्नति, सुख–समृद्धि, शांति और सुरक्षा के लिए काम करेंगे।

---

संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र कल से शुरू हो रहा है। इस सत्र में विधायिका में महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कराया जाएगा। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिये तैंतीस प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इस अधिनियम के पारित होने के बाद लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ सोलह हो जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक हर राज्य, समुदाय और क्षेत्र की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

–साउंड बाइट–

इस बीच भाजपा ने अपने लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संसद के इस विशेष सत्र में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बोर्ड ने बताया कि कुल तिरानवे दशमलव सात प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य चार प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष भी लड़कियों का उत्तीर्णता प्रतिशत लड़कों से अधिक रहा। लड़कियों का उतीर्णता प्रतिशत चौरानवे दशमलव नौ–नौ प्रतिशत दर्ज किया है।

---

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डी.आर.डी.ओ की ओर से मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आज से रक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी अठारह अप्रैल तक चलेगी। रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष और स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह ने प्रदर्शनी को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसमें देश की अत्याधुनिक तकनीकों, उन्नत सैन्य प्रणाली और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत हो रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी

की थीम है– शांति, सत्य और विज्ञान का संगम– सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की ओर।

---

शेखपुरा जिला प्रशासन ने सामूहिक अवकाश पर रहने वाले तेरह राजस्व कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---

कटिहार में पीएनजी कनेक्शन देने की आज से शुरूआत हुई। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने तेजा टोला में एक उपभोक्ता के घर कनेक्शन प्रदान कर इसका शुभारंभ किया।

---

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व में मदनपुर वन क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने एक शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दो हजार लीटर से अधिक शराब को नष्ट कर दिया।

---

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र के भीखा गांव में पिछले दिनों हुए एक लूटकांड में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मौके से लूटी गयी मोटरसाईकिल और लूट की राशि भी बरामद की गयी है।

---

मिथिला का लोक पर्व जूड़शीतल आज पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। प्रकृति प्रेम को समर्पित इस पर्व पर आज सूर्योदय से पहले घर की बुर्जुग महिलाओं ने परिवार के सदस्यों के माथे पर जल देकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद लोगों ने अपने बगानों को सिंचित किया। साथ ही एक दूसरे को गीली मिट्टी लगाकर प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया। आज के दिन बासी भोजन खाने की परंपरा के कारण इस पर्व को बासि पाबनि के नाम से भी जाना जाता है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. सम्राट चौधरी बिहार के नये मुख्यमंत्री बने। श्री चौधरी राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले भाजपा के पहले नेता हैं। जदयू के विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव उपमुख्यमंत्री बनाए गये।

02 नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के बीच विभागों का हुआ बंटवारा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास सामान्य प्रशासन और गृह समेत उनतीस विभाग।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत एनडीए के घटक दलों के नेताओं ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई दी।

04. और, संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र कल से। विधायिका में महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक कराया जाएगा पारित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।